भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 4632
उत्तर देने की तारीख 22.07.2019

इंजीनियरिंग महाविद्यालयों की गुणवत्ता

4632. श्री विजय कुमार दूबेः
श्री संतोष कुमारः
श्री रेबती त्रीपुराः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एआईसीटीई और यूजीसी ने हाल ही में विशेषकर उत्तर प्रदेश, उत्तर-पूर्व और एसआईबीएम पुणे, महाराष्ट्र में इंजीनियरिंग और प्रबंधन महाविद्यालयों में गुणवत्ता मानदंडों के संबंध में कोई सर्वेक्षण किया है;
(ख) यदि हां, तो चूककर्ता संस्थाओं के संबंध में ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) क्या इस संबंध् में उक्त महाविद्यालयों के विरुद्ध अब तक कोई कार्रवाई की गई है/की जा रही है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (घ): अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीआई) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा हाल ही में इंजीनियरिंग और प्रबंधन कॉलेजों में गुणवत्ता पैरामीटरों के संबंध में कोई सर्वेक्षण नहीं किया है।

****